राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 16 अगस्त। प्रदेश कांग्रेस पार्टी की सम्पत्तियों का ब्यौरा तैयार करने हेतु आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर तीन सदस्यीय समिति की बैठक ली। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव श्री निलेश पटेल तथा समिति सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व विधायक श्री गोविन्दराम मेघवाल, एडवोकेट कुलदीप पूनियां एवं श्री कमल माथुर शामिल हुए।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश में स्थित कांग्रेस पार्टी की सम्पत्तियों एवं कार्यालय भवनों का डेटा तैयार किया जा रहा है जिस हेतु प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला कार्यालय के भवनों, उनसे संबंधित विवाद और विवादों के निस्तारण हेतु किये जा रहे उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि जिन जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस के स्वयं के भवन नहीं हैं वहाँ पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श कर कार्यालय हेतु उचित स्थान चयनित किया जाये जिससे सरकार की नीतियों एवं नियमों के अनुसार उन्हें आवंटित कराने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सके। बैठक में श्री डोटासरा ने कहा कि प्रदेश की सभी जिला कांग्रेस कमेटियों के लिये कार्यालय भवनों की शीघ्र व्यवस्था की जायेगी तथा कांग्रेस सम्पत्तियों एवं भवनों की सूची अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपी जायेगी।

\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-

Created by Universal Document Converter